डल झील में बढ़ रहे प्रदूषण पर उच्च न्यायालय ने लिया संज्ञान

drishtiias.com/hindi/printpdf/high-court-took-note-of-pollution-in-dal-lake

समाचारों में क्यों

हाल ही में जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय ने डल झील की रख-रखाव करने वाले निकाय, झील एवं जलमार्ग विभाग प्राधिकरण (Lakes and Waterways Department Authority-LAWDA) और नागरिक प्रशासन को प्रसिद्ध डल झील के संरक्षण में असफल रहने पर कड़ी फटकार लगाई है|

न्यायालय का निर्देश

- न्यायालय ने जल स्रोतों के आस-पास दिनोंदिन बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने के लिये प्राधिकरण को कुछ उपाय भी सुझाए हैं| डल झील कश्मीर घाटी के पर्यटन का केंद्रबिंदु है|
- विदित हो कि राज्य में गंदे पानी को साफ करने वाले मौजूदा संयंत्र (existing Sewage Treatment Plants - STPs)भी प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं तथा उनके नवीकरण की आवश्यकता है। इसके मद्देनज़र न्यायालय ने कहा कि गंदे पानी को साफ करने के मौजूदा संयंत्रों के पुनर्निर्माण और मरम्मत की भी जाँच होनी चाहिये|
- न्यायालय ने झील एवं जलमार्ग विभाग प्राधिकरण के प्रवर्तन विंग को कुशल बनाने के लिये गैर-सरकारी तथा अन्य प्राधिकरणों से तकनीकी रूप से अनुभवी लोगों को नियुक्त करने व कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया है|
- न्यायालय ने राज्य सरकार को यह आदेश दिया है कि वह झील के आस-पास के निवासियों का पुनर्वासन रख़-1-अर्थ हाउसिंग (Rakh-I-Arth housing) कॉलोनी में करे| यह झील के आस-पास रह रहे उन लोगों के लिये एक पुनर्वास परियोजना है जिन्हें झील के संरक्षण कार्यक्रम के तहत वहाँ से प्रतिस्थापित किया जा रहा है|
- झील के संरक्षण के लिये न्यायालय ने प्राधिकरणों पर विश्व वन्यजीव कोष का मार्गदर्शन प्राप्त करने का भी दबाव बनाया है | ध्यातव्य है कि विश्व वन्यजीव कोष, सतत जल प्रबंधन(sustainable water management) को सुनिश्चित करने हेतु एक नेटवर्क का निर्माण कर चुका है जिसे भारत के जल प्रबंधन नेटवर्क(India Water Stewardship Network) और जल प्रबंधन के लिये सहयोग(Alliance for Water Stewardship) के नाम से जाना जाता है|

डल झील

डल झील, को 'श्रीनगर का गहना' या कश्मीर का मुकुट भी कहा जाता है। डल झील श्रीनगर, कश्मीर में एक प्रसिद्ध झील है। 18 किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई यह झील तीन दिशाओं से शंकराचार्य पहाड़ियों से घिरी हुई है। यह जम्मू-कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी झील है। जम्मू-कश्मीर में ही स्थित वूलर झील, जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ भारत की भी सबसे बड़ी झील है। इसके चार प्रमुख जलाशय हैं गगरीबल, लोकुट डल, बोड डल तथा नागिन।

तरह-तरह की वनस्पति झील की सुंदरता को और निखार देती हैं। कमल के फूल, पानी में बहती कुमुदनी, झील की सुंदरता में चार चाँद लगा देती है। इस झील में मैक्रोफाइट्स प्रकार के पादपों की अधिकता है। डल झील में पर्यटन के अतिरिक्त मुख्य रूप से मछली पकड़ने का काम होता है।